भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2132
10 दिसंबर, 2021 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

टीकाकरण की कम दर

2132. श्री राहुल रमेश शेवाले:
श्री डी.के. सुरेश:
श्री चंद्र शेखर साहू:
श्री गिरीश भालचन्द्र बापट:
श्रीमती सुमलता अम्बरीश:
डॉ. प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडे:
श्री नलीन कुमार कटील:

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने इस बात पर ध्यान दिया है कि भारत की आबादी को कोविड-19 महामारी से बचाने के लिए सार्वजनिक टीकाकरण ही एकमात्र उपाय है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और अब तक कितने लोगों को टीके की दो खुराकें दी गई हैं;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में लक्षित लाभार्थियों की संख्या और टीकाकृत लाभार्थियों की वास्तविक संख्या के बीच व्यापक अंतर है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में टीकाकरण की कम दर के लिए उत्तरदायी कारक क्या हैं; और

(घ) कोविड-19 के खिलाफ शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिए केंद्र सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (घ): टीकाकरण को कोविड-19 के विरुद्ध प्रभावी कार्यकलालप के रूप में मान्यता देते हुए, भारत सरकार ने 16 जनवरी, 2021 को सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में राष्ट्रीय कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम आरंभ किया। दिनांक 06 दिसंबर 2021 तक, 18 वर्ष और उससे अधिक आयु की लगभग 80.02 करोड़

(85.2%) वयस्क जनसंख्या को कोविड-19 टीके की पहली खुराक लगाई गई है और 47.91 करोड़ (51.0%) को दोनों टीके लगाए जा चुके है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुलग्नक-1 में है।

भारत सरकार नियमित रूप से कोविड 19 टीकाकरण की गति की समीक्षा कर रही है और इसने राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों को अनेक परामर्शिकाएं जारी की हैं कि वे कोविड-19 वैक्सीन की दोनों खुराकों के पात्र लाभार्थियों को कवर करें। भारत सरकार ने दिनांक 03 नवम्बर, 2021 से ''हर घर दस्तक'' अभियान भी शुरू किया है जिसमें प्रथम खुराक से छूटने वाले लाभार्थियों तथा दूसरी खुराक न लेने वाले लाभार्थियों की पहचान की जाती है और घर-घर जाकर उनका टीकाकरण किया जाता है । 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्र अभ्यर्थियों को प्रथम खुराक और जिन्हें दूसरी खुराक नहीं लगी है, उनके टीकाकरण हेतु सभी राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों को टीके की पर्याप्त खुराकें उपलब्ध कराई गई हैं ।

अनुलग्नक-1

<u>अनुमानित जनसंख्या की तुलना में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र -वार लाभार्थी (06 दिसंबर, 2021 की स्थिति के अनुसार)</u>

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	लक्षित 18+ जनसंख्या	पहली खुराक की संख्या	दूसरी खुराक की संख्या
1	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	2,86,000	2,97,333	2,64,286
2	आंध्र प्रदेश	3,95,22,000	3,58,93,616	2,55,87,408
3	अरुणाचल प्रदेश	10,09,000	7,97,015	6,18,173
4	असम	2,36,59,000	2,14,87,024	1,27,00,823
5	बिहार	7,34,47,000	5,52,66,998	3,04,47,014
6	चंडीगढ़	8,43,000	9,46,805	6,51,106
7	छत्तीसगढ	1,96,51,000	1,67,68,354	99,93,300
8	दादरा और नगर हवेली	3,87,000	3,96,371	2,30,850
9	दमन और दीव	3,40,000	2,80,402	2,17,029
10	दिल्ली	1,50,80,000	1,40,87,352	91,91,682
11	गोवा	11,66,000	12,86,729	10,45,156
12	गुजरात	4,89,07,000	4,60,10,903	3,68,33,002
13	हरीयाणा	2,05,80,000	1,87,40,687	1,05,48,995
14	हिमाचल प्रदेश	55,23,000	58,38,123	53,91,141
15	जम्मू और कश्मीर	94,09,000	96,17,709	73,03,647
16	झारखंड	2,48,64,000	1,68,71,532	83,54,112
17	कर्नाटक	4,89,16,000	4,56,39,960	3,15,56,633
18	केरल	2,67,09,000	2,57,79,384	1,80,64,088
19	लद्दाख	2,24,000	2,12,359	1,72,436
20	लक्षद्वीप	47,000	55,469	50,042
21	मध्य प्रदेश	5,49,49,000	5,13,69,368	3,87,85,861
22	महाराष्ट्र	9,14,35,000	7,58,92,329	4,25,58,105
23	मणिपुर	23,41,000	12,91,457	9,04,466
24	मेघालय	20,18,000	11,73,289	8,24,198
25	मिजोरम	8,67,000	7,36,943	5,64,503

26	नगालैंड	14,76,000	7,43,394	5,53,683
27	उड़ीसा	3,25,28,000	2,80,82,547	1,64,41,393
28	पुदुचेरी	11,33,000	7,82,797	4,92,346
29	पंजाब	2,27,38,000	1,66,54,932	79,07,252
30	राजस्थान	5,15,09,000	4,40,00,073	2,69,94,637
31	सिक्किम	5,17,000	5,23,497	4,72,113
32	तमिलनाडु	5,78,91,000	4,64,89,016	2,68,26,690
33	तेलंगाना	2,77,67,000	2,55,11,958	1,34,07,710
34	त्रिपुरा	31,63,000	25,57,912	20,50,192
35	उतार प्रदेश	14,74,24,000	11,45,59,208	5,32,47,000
36	उत्तराखंड	80,63,000	76,23,030	53,52,355
37	पश्चिम बंगाल	7,26,51,000	6,36,97,684	3,09,35,313
			22,37,713	15,69,657
38	**भारत**	**93,90,39,000**	**80,02,01,272**	**47,91,08,397**

******